न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, झुन्झुनू

पीठासीन अधिकारी : श्री अजय कुमार आर्य, आर.ए.एस

अपील संख्या 07/2025

रोहिताश पुत्र स्व. हेतराम, आयु 62 वर्ष, जाति जाट, निवासी मेहाड़ा जाटूवास, तहसील खेतड़ी, जिला झुन्झुनू।

—अपीलान्ट—

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये भूमि अधिकारी, तहसीलदार, तहसील बुहाना, जिला झुन्झुनू।
2. मूर्ति मन्दिर श्री गोपाल जी (ठाकुर जी) जरिये पुजारी, ग्राम व पोस्ट बागोर, तहसील खेतड़ी, जिला झुन्झुनू।

—रेस्पोडेन्ट—

प्रथम अपील अ. धारा 75 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1955 प्रथम अपील खिलाफ निर्णय दिनांक 09.10.2024 न्यायालय नायब तहसीलदार खेतड़ी जिला झुन्झुनू बमुकदमा उनवानी सरकार बनाम रोहिताश अ.धारा 91 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956 मुकदमा नम्बर 11/2024।

उपस्थितिः—

1. श्री जगदीश चन्द्र............................अपीलान्ट की ओर से।
2. श्री श्रवण कुमार सैनी, राजकीय अधिवक्ता..........रेस्पोडेन्ट की ओर से।

—निर्णय— दिनांक : 14.5.2025

पत्रावली पेश हुई। विद्वान अधिवक्ता अपीलान्ट उपस्थित। प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार है कि न्यायालय नायब तहसीलदार खेतड़ी ने दिनांक 09.10.2024 को निर्णय पारित कर जमीन खसरा नम्बर 5[illegible] रकबा 0.45 हैक्टर में से 0.13 हैक्टर व खसरा नम्बर 569 रकबा 0.35 हैक्टर सम्पूर्ण व खसरा नम्बर 56[illegible] रकबा 0.18 हैक्टर सम्पूर्ण वाके ग्राम मेहाड़ा जाटूवास से बेदखल करने व 1250 रूपये अर्थदण्ड

Signature Not Verified
Digitally signed by Ajay Kumar Arya
Date: 2025.05.26 13:11:26 IST
Reason: SelfAttested

अतिरिक्त जिला कलक्टर

से दण्डित करने का निर्णय पारित किया गया। विवादित भूमि खसरा नम्बर 568 रकबा 0.45 हैक्टर वाके ग्राम मेहाड़ा जाटूवास के गत खसरा नम्बर 701 व उससे पूर्व के खसरा नम्बर 1110 तथा खसरा नम्बर 567 रकबा 0.18 हैक्टर के गत खसरा नम्बर 700 व उससे पूर्व गत खसरा नम्बर 1016 व खसरा नम्बर 569 रकबा 0.35 हैक्टर के गत खसरा नम्बर 692 व उससे पहले के गत खसरा नम्बर 1016 मीन वाके ग्राम मेहाड़ा जाटूवास थे। उक्त जमीन पहले ठिकाने के समय में खतौनी में अपीलान्ट के पूर्वज आदि की खातेदारी में दर्ज थी। खतौनी सम्वत् 2008 है। जमाबन्दी सम्वत् 2012 से 2035 व खसरा गिरदावरी सम्वत् 2009 से 2044 तक के राजस्व रिकार्ड में अपीलान्ट के पूर्वज आदि की खातेदारी में रही है व यह जमीन अपीलान्ट्स के पूर्वजों ने तत्कालिन ठिकाना खेतड़ी से बतौर काश्त हेतु ली थी। बाद में ठिकाने मूर्ति मन्दिर बागोर की माफी देने पर लगान मुर्ति को दिया व माफी खालसा होने पर राजस्थान सरकार को अदा किया गया। पूर्वजों के बाबत तथ्य जवाब नोटिस में दर्ज किये है। इस प्रकार राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 लागु होने से पूर्व से अपीलान्ट्स के पूर्वजों की खातेदारी में दर्ज थी। माफी खालसा होने के बाद खतौनी सम्वत् 2018 से 2031 में अपीलान्ट के पूर्वजों की दर्ज की गई। इस प्रकार सम्वत् 2035 तक के राजस्व रिकार्ड में अपीलान्ट के पूर्वजों की खातेदारी दर्ज होती रही। बाद में भू–प्रबन्ध विभाग ने क्षेत्राधिकार के बाहर अवैध रूप से मुर्ति मन्दिर श्री ठाकुर जी (श्री गोपाल जी) के नाम इन्द्राजात विधि विरूद्ध दर्ज कर दिये। खातेदारी निरस्त करने व प्रदान करने का अधिकार भू–प्रबन्ध विभाग को नही है। इस कारण खतौनी सम्वत् 2044 से 2063 व उसके आधार पर बना राजस्व रिकार्ड अवैध व शून्य है अपीलान्ट अतिक्रमी नही है। विवादित भूमि रेस्पोडेन्ट नम्बर 2 की खुद काश्त में कभी भी नही रही व न दर्ज हुई। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया कि भू–प्रबन्ध विभाग को खातेदारी खत्म व अन्य को प्रदान करने का हक नही है। अधीनस्थ न्यायालय के कार्यालय में विवादित भूमि से संबंधित सम्पूर्ण रिकार्ड होने के बावजूद विवेचन कर निर्णय पारित नहीं किया गया। अधीनस्थ न्यायालय को दस्तावेजी साक्ष्य प्राप्त कर उनका विवेचन कर निर्णय पारित करना चाहिए था। अधीनस्थ

Signature Not Verified
Digitally signed by Ajay Kumar Arya
Date: 2025.05.26 13:11:26 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय ने अपने फैसले में अपीलान्ट्स अतिक्रमी कैसे है इसका कोई आधार भी दर्ज नही किया है। केवल पटवारी रिपोर्ट के आधार पर अपीलान्ट्स के विरूद्ध बेदखली व अर्थदण्ड का निर्णय पारित किया गया है। अन्त में अपील अपीलान्ट्स स्वीकार कर अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार खेतड़ी के निर्णय दिनांक 09.10.2024 को अपास्त किया जाकर अ. धारा 91 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम समाप्त की जाने का निवेदन किया।

अपील न्यायालय में प्रस्तुत होने पर रेस्पोडेन्ट को नोटिस भेजकर तामील की गई। मिसल मातहत तलब की जाकर बहस सुनी गई। रेस्पोडेन्ट संख्या 2 बावजूद तामिल अनुपस्थित रहने से उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई।

दौराने बहस विद्वान अधिवक्ता अपीलान्ट ने अपील के तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि न्यायालय नायब तहसीलदार खेतड़ी ने दिनांक 09.10.2024 को निर्णय पारित कर जमीन खसरा नम्बर 568 रकबा 0.45 हैक्टर में से 0.13 हैक्टर व खसरा नम्बर 569 रकबा 0.35 हैक्टर सम्पूर्ण व खसरा नम्बर 567 रकबा 0.18 हैक्टर सम्पूर्ण वाके ग्राम मेहाड़ा जाटूवास से बेदखल करने व 1250 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित करने का निर्णय पारित किया गया। विवादित भूमि भूमि खसरा नम्बर 568 रकबा 0.45 हैक्टर वाके ग्राम मेहाड़ा जाटूवास के गत खसरा नम्बर 701 व उससे पूर्व के खसरा नम्बर 1110 तथा खसरा नम्बर 567 रकबा 0.18 हैक्टर के गत खसरा नम्बर 700 व उससे पूर्व गत खसरा नम्बर 1016 व खसरा नम्बर 569 रकबा 0.35 हैक्टर के गत खसरा नम्बर 692 व उससे पहले के गत खसरा नम्बर 1016 मीन वाके ग्राम मेहाड़ा जाटूवास थे।मीन वाके ग्राम मेहाड़ा जाटूवास थे। उक्त जमीन पहले ठिकाने के समय में खतौनी में अपीलान्ट्स के पूर्वज आदि की खातेदारी में दर्ज थी। खतौनी सम्वत् 2008 है। जमाबन्दी सम्वत् 2012 से 2035 व खसरा गिरदावरी सम्वत 2009 से 2044 तक के राजस्व रिकार्ड में अपीलान्ट के पूर्वज आदि की खातेदारी में रही है व यह जमीन अपीलान्ट्स के पूर्वजों ने तत्कालिन ठिकाना खेतड़ी से बतौर काश्त हेतु ली थी। बाद

Signature Not Verified
Digitally signed by Ajay Kumar Arya
Date: 2025.05.26 13:41:26 IST
Reason: SelfAttested

में ठिकाने मूर्ति मन्दिर बागोर की माफी देने पर लगान मुर्ति को दिया व माफी खालसा होने पर राजस्थान सरकार को अदा किया गया। पूर्वजों के बाबत तथ्य जवाब नोटिस में दर्ज किये है। इस प्रकार राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 लागु होने से पूर्व से अपीलान्ट्स के पूर्वजों की खातेदारी में दर्ज थी। माफी खालसा होने के बाद खतौनी सम्वत् 2018 से 2031 में अपीलान्ट्स के पूर्वजों की दर्ज की गई। इस प्रकार सम्वत् 2035 तक के राजस्व रिकार्ड में अपीलान्ट्स के पूर्वजों की खातेदारी दर्ज होती रही। बाद में भू–प्रबन्ध विभाग ने क्षेत्राधिकार के बाहर अवैध रूप से मुर्ति मन्दिर श्री ठाकुर जी (श्री गोपाल जी) के नाम इन्द्राजात विधि विरूद्ध दर्ज कर दिये। खातेदारी निरस्त करने व प्रदान करने का अधिकार भू–प्रबन्ध विभाग को नही है। इस कारण खतौनी सम्वत् 2044 से 2063 व उसके आधार पर बना राजस्व रिकार्ड अवैध व शून्य है अपीलान्ट अतिक्रमी नही है। विवादित भूमि रेस्पोडेन्ट नम्बर 2 की खुद काश्त में कभी भी नही रही व न दर्ज हुई। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया कि भू–प्रबन्ध विभाग को खातेदारी खत्म व अन्य को प्रदान करने का हक नही है। दौराने बहस अधिवक्ता अपीलान्ट ने मौखिक कथन करते हुए बताया कि प्रकरण में विवादित भूमि के संबंध में न्यायालय उपखण्ड अधिकारी खेतड़ी के समक्ष एक दावा विचाराधीन है। इसके अलावा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय एवं बोर्ड ऑफ रेवेन्यू राजस्थान, अजमेर द्वारा पारित विभिन्न आदेश जो कि मौजुदा प्रकरण से संबंध रखते है के फैसलों की प्रतियां बतौर रूलिंग प्रस्तुत की। जो निम्न प्रकार है:–

1- **AIR 2015 RAJASTHAN 179 FULL BENCH (D.B. Civil Special Appeal No. 185 of 2001, D/- 15-07-2015)**
2- **2024(3) RLW 2260 (Raj) (D.B. Special Appeal Writ No. 59 of 2024, D/- 03-07-2024)**
3- **2022(2) RRT 843 Board of Revenue for Rajasthan, Ajmer**
4- **2022(2) RRT 1017 (S.B. Civil Writ Petition No.1543 of 2003 D/- 06-05-2022)**
5- **2019 RBJ 290 Board of Revenue for Rajasthan, Ajmer**
6- **2024(1) RRT 184 Board of Revenue for Rajasthan, Ajmer**

Signature Not Verified
Digitally signed by Ajay Kumar Arya
Date: 2025.05.26 13:11:26 IST
Reason: Self Attested

उपरोक्त सभी रूलिंग में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय एवं बोर्ड ऑफ रेवेन्यु राजस्थान अजमेर ने जागीरों के अधिग्रहण के समय माफी मन्दिर की भूमि जो किसी व्यक्ति के नाम खातेदार, पट्टेदार अथवा मादिमदार आदि के नाम से दर्ज थी,

उन काश्तकारों को पूर्ण उत्तराधिकार योग्य एवं हस्तान्तरणीय अधिकार प्राप्त होना माना है।

अतः अपील स्वीकार कर अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार खेतड़ी द्वारा अपीलान्ट्स के खिलाफ मुकदमा संख्या 11/2024 फैसला दिनांक 09.10.2024 को को अपास्त किया जाकर अ. धारा 91 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम समाप्त की जावे।

हमने विद्वान अधिवक्ता अपीलान्ट की बहस सुनी तथा पत्रावली का अवलोकन किया। न्यायहित को दृष्टिगत रखते हुए अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत आवेदन धारा 5 स्वीकार किया जाकर अपील प्रस्तुत करने में हुए विलम्ब को कंडोन किया जाता है।

जहां तक प्रकरण के गुणागुण का प्रश्न है प्रस्तुत प्रकरण में अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय अनुसार अपीलान्ट्स ने मेहाड़ा जाटूवास स्थित राजकीय भूमि खसरा नम्बर 568 रकबा 0.45 हैक्टर में से 0.13 हैक्टर व खसरा नम्बर 569 रकबा 0.35 हैक्टर सम्पूर्ण व खसरा नम्बर 567 रकबा 0.18 हैक्टर सम्पूर्ण भूमि के चारों तरफ तारबन्दी कर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण किया है। प्रकरण में अधीनस्थ न्यायालय ने राजस्व विभाग (ग्रुप–6) के परिपत्र क्रमांक (2) राज–6/2007/पार्ट/5 जयपुर दिनांक 12.09.2018 में दिये गये निर्देशों जिनके अनुसार मन्दिर मुर्ति की भूमि से अतिक्रमण को हटवाने हेतु भू–राजस्व अधिनियम की धारा 91 के तहत कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है की पालना कर विधि सम्मत कार्यवाही की है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रकरण को धारा 91 भू–राजस्व अधिनियम 1956 में प्रदत्त प्रावधानों के आलौक में अपील अपीलान्ट स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत नही होता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ajay Kumar Arya
Date: 2025.05.26 13:11:26 IST
Reason: SelfAttested

अतः अपील अपीलान्ट खारीज की जाकर अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार खेतड़ी के प्रकरण संख्या 11/2024 निर्णय दिनांक 09.10.2024 उनवानी सरकार बनाम राकेश कुमार, तस्वीरसिंह यथावत रखा जाता है। निर्णय की प्रति मय

अतिरिक्त जिला कलक्टर

मिसल अग्रिम कार्यवाही हेतु नायब तहसीलदार खेतड़ी को प्रेषित हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 14.5.2025 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(अजय कुमार आर्य),
अतिरिक्त जिला कलक्टर,
झुन्झुनू।

Signature Not Verified

Digitally signed by Ajay Kumar Arya
Date: 2025.05.26 13:11:26 IST
Reason: SelfAttested